'गौरैया संरक्षण के लिए युवा पीढ़ी को जागरूक करने की जरुरत'

- उदयपुर में ग्रीन पीपल सोसायटी की ओर से सूचना केंद्र में विश्व गौरेया दिवस पर संभागीय आयुक्त ने श्रेष्ठ प्रतिभाओं को सम्मानित किया
- अर्थ ऑवर 2023 विषयक चित्रकला प्रतियोगिता में महाराणा मेवाड़ विद्या मंदिर की भूमिका झाला प्रथम, अवनि सिंह द्वितीय व यशस्वी परिहार तृतीय स्थान पर रही।

उदयपुर, (कासं)। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने कहा है कि एक दौर था जब हमारी सुबह गौरेया की चहचहाहट के साथ शुरू होती थी और संपूर्ण वातावरण सुहावना व आनन्दायक लगता था। लेकिन बदलते दौर में गौरैया हमसे दूर होती गई और आज गौरैया बहुत कम देखने को मिलती है। वर्तमान में गौरैया संरक्षण के लिए हम सबको युवा पीढ़ी को जागरूक करना ही होगा।

संभागीय आयुक्त भट्ट विश्व गौरेया दिवस के अवसर पर सोमवार को ग्रीन पीपल सोसायटी की ओर से उदयपुर के सूचना केन्द्र में आयोजित विविध कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में मौजूद विद्यार्थियों, पर्यावरणविदों, पक्षी विशेषज्ञों एवं अन्य प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गौरैया हमारे घर आंगन का साथी है और इसके संरक्षण के लिए व्यापक जागरूकता पैदा करनी होगी। उन्होंने इसके लिए आगामी वर्ष से समस्त विद्यालयों में गौरैया दिवस पर विविध कार्यक्रमों की एक विशेष श्रृंखला आयोजित करने की बात कही और समस्त युवाओं व पर्यावरण प्रेमियों को इसके लिए संकल्पबद्ध होने का आ ान किया। आयुक्त भट्ट ने इस प्रकार के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रीन पीपल सोसायटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और आगे से ऐसे आयोजनों को विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों में भी आयोजित करने व सबको सक्रिय भागीदारी निभाने का आ ान किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विपिन माथुर ने पक्षी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए समन्वित प्रयास करने की बात कही। उन्होंने पर्यावरण संतुलन के लिए टाईगर जैसे बड़े पशु के साथ-साथ गोरैया जैसी छोटी चिड़िया की उपयोगिता एवं उनके संरक्षण पर जोर दिया।

कार्यक्रम संयोजक एवं ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. राहुल भटनागर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और जैव विविधता संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन पीपल सोसायटी के कार्यकलापों के बारे में अवगत कराया।

कार्यक्रम में ग्रीन पीपल सोसायटी के विशेषज्ञ शरद श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे घर आंगन में फुदकने वाली नन्हीं चिरैया के संरक्षण के लिए वैश्विक जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने कार्यक्रम में आए विभिन्न स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अपनी वार्ता प्रस्तुत करते हुए पक्षी विशेषज्ञ डॉ. कमलेश शर्मा, उत्कर्ष प्रजापति व डॉ. राम मेघवाल ने विश्व गोरैया दिवस मनाने की आवश्यकता, प्रासंगिकता, मानव व गोरैया अंतर्संबंध और पक्षी संरक्षण विषय पर संभागियों को तथ्यात्मक जानकारी प्रदान दी।

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी रूचि दिखाई। इस अवसर अर्थ ऑवर 2023 विषयक चित्रकला प्रतियोगिता में महाराणा मेवाड़ विद्या मंदिर की भूमिका झाला प्रथम, अवनि सिंह द्वितीय व यशस्वी परिहार तृतीय स्थान पर रही। वहीं विश्व गौरैया दिवस विषयक आयोजित ऑन स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल की सोनाक्षी सोनी प्रथम, एमडीएस स्कूल की नरल माहेश्वरी द्वितीय एवं विद्याभवन स्कूल की रचना तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के निर्णायक रिटायर्ड आरएएस दिनेश कोठारी, बाबा आर्ट गेलेरी की निदेशक ममता जोशी व सेवानिवृत व्याख्याता नसीम अहमद थे। अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों के साथ गौरेया व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान किया। इस मौके पर एनीमल प्रोटेक्शन सोसायटी की डॉ. माला मट्ठा व अर्थ ब्रिगेड फाउंडेशन की अमृता राठौड़ की तरफ से सभी संभागियों को परिंडों व घौंसलों का वितरण किया गया, वहीं विजेताओं व चुनिंदा संभागियों को इकॉन ग्रुप की तरफ से गौरैया के कृत्रिम घोंसले भी वितरित किए गए। इस अवसर पर वन सुरक्षा समिति सुथार मादड़ा के अध्यक्ष भगवान लाल पालीवाल का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शालिनी भटनागर ने किया। कार्यक्रम में सोसायटी के वीएस राणा, प्रतापसिंह चुंडावत, सोहेल मजबूर, डॉ.ललित जोशी, प्रदीप सुखवाल, डीएफओ देवेन्द्र तिवारी, रिटायर्ड डीएफओ राजेन्द्र सिंह चौहान डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के अरूण सोनी, पक्षी प्रेमी देवेन्द्र श्रीमाली, कनिष्ठ कोठारी सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी मौजूद थे।

जगह खाली करने की धमकी दी

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में स्थित झुग्गी झोपड़ियों वालों को बाइक सवार बदमाशों ने जगह खाली करने की धमकी दी।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखेर थानाक्षैत्र न्यू आरटीओं रोड़ के समीप स्थित खाली जमीन पर काबिज झुग्गी झोपडियों वालों को बाइक सवार दो बदमाशों ने धमकाया। इस मामले में पीडित देवास लीलाकर झाड़ोल निवासी गणेश पुत्र अमरा कालबेलिया ने पुलिस ाथाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि रविवार को बाइकलेकर आए दो बदमाशों ने तोडफोड की तथा झुग्गी झोपड़िया हटा कर जमीन खाली करने की धमकी दी। एसा नहीं करने पर देखलेने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

अवैध अफीम की खेती करने में सहयोग करने वाला गिरफ्तार

राजसमंद, (निसं)। जिले में देवगढ थाना क्षेत्र के पुसालो का खेडा में अवैध अफीम की खेती पकडकर पुलिस ने 868 किलो पौधे जब्त कर लिए थे। इसमें संलिप्त बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि खेत मालिक उसके पिता अब भी फरार है। इधर, अवैध अफीम की खेती करने में सहयोग करने वाले मजदूर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि 12 मार्च को मुखबिर की सूचना पर देवगढ थाने के एएसआई प्रतापसिंह ने मय पुलिस जाब्ते के दबिश देकर पुसालो का खेडा में अवैध अफीम की खेती पकडी। इस मामले में मौके से अफीम के 868 पौधे जब्त कर लिए थे और उसके कुछ दिन बाद आरोपी 40 वर्षीय पारस गुर्जर को भी गिरफ्तार कर लिया, जिसने अवैध अफीम खेती करना कबूल कर लिया। फिर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश हुए। इस पर आरोपी पारस गुर्जर को राजसमंद के जिला कारागृह में भेज दिया। इधर, इस प्रकरण की अग्रिम जांच कर रहे राजनगर थाना प्रभारी डॉ हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व पुलिस टीम द्वारा खेती में सहयोग करने वाले पुसालो का खेडा निवासी 60 वर्षीय रामलाल पुत्र हजारीलाल सालवी को गिरफ्तार कर लिया, जो 200 रुपए प्रतिदिन की मजदूरी पर खेती का कार्य कर रहा था। आरोपी रामलाल सालवी को पता था कि अफीम की अवैध खेती हो रही है, लेकिन अवैध खेती की पुलिस को सूचना नहीं दी और आरोपी पारस गुर्जर के साथ अवैध अफीम की खेती करने में सहयोग किया।

इस पर पुलिस ने अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी रामलाल सालवी को गिरफ्तार कर लिया। जहां से अवैध अफीम खेती करते पकडा गया, वह खेत मुख्य आरोपी पारस गुर्जर के पिता छीतर गुर्जर के नाम पर दर्ज है, जो अभी फरार है। पुलिस द्वारा छीतर गुर्जर की तलाश की जा रही है, लेकिन फिलहाल उसके बारे में पुलिस को कोई सुराग नहीं लग पाया है। राजनगर थाना प्रभारी हनुवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल किशोरसिंह, कांस्टेबल महेंद्रसिंह व विरेंद्र द्वारा यह कार्रवाई गई और अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

'साइबर सुरक्षा क्यों जरूरी' पर सेमीनार आयोजित

उदयपुर, (कासं)। आज के सूचना एवं तकनीकी युग में साइबर अपराध दिनो-दिन बढ़ते जा रहे है। साइबर संसार में रहकर ही हमे उससे कैसे बचाव करना होगा इसके लिए आज अनुष्का एकेडमी एसोसिएशन द्वारा सेक्टर 3 हिरण मगरी स्थिति परिसर में साइबर सुरक्षा हेतु सेमिनार आयोजित किया गया जिसके मुख्य वक्ता साइबर एक्सपर्ट मानस त्रिवेदी थे।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता ने कहा कि साइबर अपराध से बचने का एक ही तरीका है - साइबर अपराध के प्रति जागरूकता। आज के समय में साइबर जागरूकता का अभाव प्रत्येक व्यक्ति में हैं जिसके चलते साइबर अपराध करने वाले बेझिझक एवं धड़ल्ले से अपराध करते हैं। इसीलिए इसके प्रति जागरूकता अति आवश्यक हैं। अनुष्का एकेडमी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव सुराणा के निर्देशन इस प्रकार के सेमिनार का आयोजन हमेशा किये जाते रहे हैं एवं आज भी इसी कड़ी में इसका आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता मानस त्रिवेदी ने बड़े आसान तरीके से सभी विद्यार्थियों को साइबर बुल्लीइंग, साइबर स्टाकिंग इत्यादि के बारे में समझया हैं एवं सभी को हमेशा सचेत एवं जागरूक रहने के लिए कहा एवं विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया।

इसी विषय मे विद्यार्थी जागृति गर्ग , वंशिता अग्रवाल, राकेश इत्यादि के द्वारा विभिन्न प्रश्न पुछे गए जैसे कि क्या एनिडेस्क एवं टीम व्यूवर जैसे सॉफ्टवेयर सेफ हैं तो इसका जवाब देते हुए कहा कि ये सुरक्षित है लेकिन अधिकांशतः निर्भर इसका प्रयोग करने वाले पर निर्भर करता हैं। अनुष्का एकेडमी एसोसिएशन के संस्थापक डॉ एस एस सुराणा सर द्वारा साइबर अपराध के प्रति जागरूकता अभियान को चलाने के लिए मानस त्रिवेदी के इस कार्य की सराहना की तथा विद्यार्थियों को साइबर अपराध से सजग व सावधान रहने के लिए कहा।

इस अवसर पर संस्थान के समस्त स्टॉफ जितेंद्र मेनारिया, ज्योति जैन,हर्षिल जैन,राहुल सुराणा, रेखा मीणा,मीनल शर्मा, हर्षिता चौहान, निर्मल मेघवाल, धनवंती आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रणय जैन द्वारा किया गया। अंत में भूपेश परमार द्वारा संस्थान की ओर से सभी पधारे हुए अतिथियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

शिविर आयोजित

उदयपुर, (कासं)।। नारायण सेवा संस्थान द्वारा बंगलौर में निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किया। जिसमें एक ही दिन में एक ही जगह पर 593 दिव्यांग नारायण लिम्ब पहनकर मुस्कुराते हुए चले। वर्षो पहले किसी दुर्घटना में ये सभी अपने हाथ - पैर गंवाने से चलने -फिरने में असमर्थ हो चुके थे। जिसके चलते इनकी जिंदगी रुक सी गई थी। संस्थान के 8 जनवरी के शिविर में इन सभी दिव्यांगों को आर्टिफिशियल लिम्ब के लिए चयनित किया था। नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने बताया कि उदयपुर स्थित संस्थान में कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के अंगविहीन बन्धु-बहिनें ईलाज के लिए आते रहते है। तब हमने सोचा कि क्यों न इन सभी दिव्यांग जनों को उनके घरों के पास ही लाभान्वित करें।इसी सोच को साकार करते हुए संस्थान ने बेंगलुरु में कैंप लगाया।

आयोजना एवं परिवेक्षण निदेशालय
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदसपुर
निविदा सूचना संख्या-2 (2023-24)

वर्ष 2023-24 (1 अप्रेल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक) हेतु विश्वविद्यालय का कलर प्रिन्टिंग कार्य करने के लिए वार्षिक अनुबंध के आधार पर मोहरबंद निविदाएँ निर्धारित निविदा प्रपत्र में आमंत्रित की जाती हैं। प्रिन्टिंग कार्य लगभग रु. 8.00 (अक्षरे आठ लाख) का है।
निविदा प्रपत्र का शुल्क रु. 300/- (डाक द्वारा रु. 350/-) है, प्रपत्र दिनांक 29.03.2023 को दोपहर 12 बजे तक बेचे जायेंगे। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 29.03.2023 को सांय 3.00 बजे खोली जावेंगी।
विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mpuat.ac.in एवं sppp.rajasthan.gov.in पर देखें।

निदेशक (P&M)

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद, राजसमन्द
सं.5239 | **लोक सूचना** | दिनांक: 20.3.23

श्री विशाल पहाड़िया पिता श्री महेशचन्द पहाडिया निवासी कलालवाटी राजनगर तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

क्र.सं.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	बागपुरा	810	रकबा 0.1619 हैक्टेयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 20.3.23 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगर परिषद, राजसमन्द

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद, राजसमन्द
सं.5241 | **लोक सूचना** | दिनांक: 20.03.23

श्री अमित सरूपरिया पिता स्व. श्री गोविन्दलाल सरूपरिया निवासी हाथीनाड़ा कांकरोली, श्रीमती मधु कावडिया पिता स्व. श्री गोविन्दलाल धर्मपत्नी श्री अनिल कावडिया निवासी हाथीनाड़ा, कांकरोली, हाल निवासी हैदराबाद तेलगांना, श्रीमती मनीषा सिंघवी पिता श्री स्व. श्री गोविन्दलाल पत्नी श्री प्रवीण सिंघवी निवासी हाथीनाडा कांकरोली हाल निवासी सिंगापुर पासपोर्ट सं. के 1676780ए जरिये रजिस्टर्ड सामान्य अधिकार पत्र धारक संख्या 02 व 03 की और से श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व. श्री गोविन्दलाल सरूपरिया निवासी हाथीनाड़ा कांकरोली, श्री मनीष सरूपरिया पिता स्व. श्री गोविन्दलाल सरूपरिया निवासी हाथीनाड़ा कांकरोली हाल निवासी थाना मुम्बई जरिये रजिस्टर्ड सामान्य अधिकार पत्र धारक श्री अमित सरूपरिया पिता स्व. श्री गोविन्दलाल सरूपरिया निवासी हाथीनाड़ा कांकरोली, श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व. श्री गोविन्दलाल सरूपरिया निवासी हाथीनाड़ा कांकरोली, श्री सुमित सरूपरिया पिता स्व. श्री गोविन्दलाल सरूपरिया निवासी हाथीनाड़ा कांकरोली हाल निवासी थाना मुम्बई महाराष्ट्र द्वाराइस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैरकृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

क्र.सं.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	कांकरोली	383 384/1	रकबा 0.1942 हैक्टेयर रकबा 0.1214 हैक्टेयर में से 0.0596 हैक्टेयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ....को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगरपरिषद, राजसमन्द

एमबी चिकित्सालय का होगा जीर्णोद्धार

उदयपुर, (कासं)। आरएमआरएस के 5 करोड रुपए बजट से एमबी हॉस्पिटल में विभिन्न काम कराए जाएंगे। इसमें जीर्णोद्धार से लेकर रिपेयरिंग, मेंटिनेंस व साफ.सफाई आदि काम होंगे।

यह जानकारी आरएनटी मेडिकल कॉलेज में सोमवार को सम्पन्न राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक में संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने दी।आयुक्त ने कहा कि हॉस्पिटल में वाहन चोरी रोकने के लिए पार्किंग को व्यवस्थित किया जाएगा। बिना पार्किंग पर्ची लिए वाहन खडे करने वाले चालक स्वयं जिम्मेदार होंगे।संभागीय आयुक्त ने चिकित्साधिकारियों को कहा कि वे हॉस्पिटल में पेशेंट और स्टाफ फ्रेंडली माहौल बनाने पर ध्यान दें। साथ ही हॉस्पिटल में टॉयलेट, वार्ड और परिसर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल में जो भी नए उपकरणों की जरूरत है उन्हें जल्द से जल्द खरीदा जाए। मरीजों के हित को लेकर हर काम पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इस दौरान संभागीय आयुक्त ने कहा कि सारे कार्य गुणवत्ता पूर्ण होने चाहिए। हमारे पास संसाधन और बजट की कोई कमी नहीं है। इसे जॉब नहीं, सेवा कार्य मानकर प्रभावी क्रियान्वयन करें। इस दौरान, कलेक्टर ताराचंद मीणा, आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ विपिन माथुर ने संभागीय आयुक्त को अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी दी। बैठक में संयुक्त चिकित्सा निदेशक डॉ जुलफिकार अहमद काजी, एमबी चिकित्सालय अधीक्षक डॉ आर एल सुमन आदि मौजूद थे।

विहिप ने दी आंदोलन की चेतावनी

उदयपुर, (कासं)। देवस्थान विभाग द्वारा मांजी का मंदिर के व्यवसायीकरण का विरोध करते हुए आदोलन की चेतावनी दी। विश्वहिन्दू परिषद के प्रान्तीय मंत्री सुन्दर कटारिया के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष सुखलाल लौहार, जिला मंत्री अशोक, बजरंगदल सयोजक ललित एवं संगठन के सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं क्षैत्रवासियों ने सोमवार को देवस्थान आयुक्त कार्यालय पहुंच कर देवस्थान आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर माजी का मंदिर को व्यावसायिक करण को लेकर विरोध दर्ज करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मंदिरों में दर्शन करने आने जाने के लिए किसी को सूचना देने एवं किसी से अनुमति लेने की कोई जरूरत नहीं है। सरकार की जिम्मेदारी है कि भक्तों पर प्रतिबंध नहीं लगाए तथा मंदिर प्रवेश शुल्क नहीं ले।

सु.वि.वि. के कंप्यूटर सेंटर में एडवांस सर्टिफिकेशन लैब स्थापित की जाएगी

उदयपुर, 20 मार्च। आईटी दिवस के अवसर पर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय को प्रदेश स्तरीय आर-कैट सेंटर की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की उपस्थिति में सोमवार को जयपुर में डीपार्टमेंट आफ आईटी और सुखाड़िया विश्वविद्यालय के मध्य आर-कैट सेंटर की स्थापना को लेकर एमओयू हुआ। इस एमओयू पर सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आईवी त्रिवेदी तथा डीओआईटी के संयुक्त सचिव व आर-कैट के एमडी आशीष गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कंप्यूटर सेंटर के डॉ.अविनाश पंवार उपस्थित थे। बताया गया कि बजट घोषणा के अनुरुप इस सेंटर का जिम्मा प्रदेश में सुखाड़िया विश्वविद्यालय को दिया गया है। कुलपति प्रो. आईवी त्रिवेदी ने इस अवसर पर सुविवि के कंप्यूटर सेंटर के निदेशक डॉ. अविनाश पंवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. पंवार के अथक प्रयासों से ही सुविवि को यह सौगात मिल पाई है। सुखाड़िया विश्वविद्यालय के लिए यह बहुत बड़ी सौगात है एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जो डॉ. पंवार के निर्देशन में ही होगी। सुविवि के कंप्यूटर सेंटर में इस संबंध में एडवांस सर्टिफिकेशन लैब स्थापित की जाएगी। जहां प्रदेश सरकार द्वारा छात्रों और कैरियर पेशेवरों के बीच आईटी कौशल को आत्मसात करने और विकसित किया जाएगा। इस सेंटर के माध्यम से कॅरियर के अवसर पैदा करने और आईटी शिक्षा में एक अभिनव मॉडल स्थापित करने की पहल होगी।

सुविवि के कंप्यूटर सेंटर के डॉ. अविनाश पंवार ने बताया कि इस आर-कैट में प्रदेश स्तरीय आईटी सर्टिफिकेशन लैब स्थापित की जाएगी। जहां विभिन्न कंपनियों की भागीदारी द्वारा विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार किया जाएगा। विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उद्योग प्रासंगिक प्रमाणपत्र, शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति, लर्निंग हब एंड स्पोक मॉडल विकसित करने, उद्योग नेतृत्व वाली कार्यशालाएं और वेबिनार आयोजित करने, कॅरियर मार्गदर्शन और परामर्श, व्यक्तित्व विकास मॉड्यूल (मेटा कौशल) के अलावा प्लेसमेंट में सहायता एवं सहयोग आदि प्रमुख कार्य होंगे।

कुलपति प्रो. त्रिवेदी ने बताया कि सुखाड़िया के कंप्यूटर सेंटर में स्थापित होने वाला यह सेंटर प्रदेश स्तरीय आईटी-लर्निंग हब होगा। यानी, यहां आईटी से संबंधित सर्टिफिकेशन के साथ-साथ कौशल विकास को लेकर सारी प्रक्रियाएं अपनाई जाएगी। प्रो. कुलपति ने कहा कि इस सेंटर से उदयपुर संग में विशेष रूप से आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को खासा ला होगा।

दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)।सायरा थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले को गिरफ्तार किया। प्राथी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी नाबालिग पुत्री को भगा ले गया है। सायरा थानाधिकारी नाथूसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने नाबालिग को दस्तियाब किया।

राजस्थान-सरकार
कार्यालय अति. जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, राजसमन्द
कमरा नं. 303 व 305, कलेक्ट्रेट परिसर राजसमंद दूरभाष 02952 224033 Email: rajsmsa.rajsamand@gmail.com

क्रमांकः अति/जिपस/समसा/राजस/विविध/2022-23/1722 दिनांकः- 17.3.23

निविदा सूचना

इच्छुक फर्मो/सर्व साधारण से समग्र शिखा के राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत विज्ञान एवं गणित किट राजसमन्द जिले में संचालित 140 उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं 126 उच्च माध्यमिक विद्यालय स्तर तक परिवहन किऐ जाने हेतु निम्नानुसार सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय अति. जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, राजसमन्द (कमरा नम्बर 303 कलेक्ट्रेट परिसर) से कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करा कर प्राप्त किए जा सकते है। निविदा को sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। ऑनलाईन डॉउनलोड की स्थिति में निविदा शुल्क 200/- रूपये का डीडी/बैंकर्स चैक निविदा के साथ संलग्न करना होगा।

कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)	निविदा शुल्क	अमानत राशि	निविदा विक्रय करने की अंतिम तिथि	निविदा जमा करने की तिथि व समय	निविदा खोले जाने की तिथि समय
उच्च प्राथमिक विद्यालय /उच्च माध्यमिक विद्यालय स्तर तक परिवहन का कार्य।	4.29	400/-	8500/-	28.03.2023 12.00 PM	28.03.2023 01.00 PM	28.03.2023 02.00 PM

निविदा संबंधी शर्ते एवं विस्तृत विवरण एवं निविदा प्रपत्र कार्यालय में नकद जमा कराकर एवं sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड कर प्रस्तुत करने पर निविदा शुल्क व अमानत राशि का डीडी/बैंकर्स चैक पृथक से अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, राजसमन्द के नाम देय हो, संलग्न करना होगा।

Bid document uploaded on
NIB code-RSE2223A2487
UBN is :- RSE2223SSOB03325

अति. जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा, राजसमन्द

अभियान के दूसरे दिन 408 बदमाश गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)।उदयपुर पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान के दूसरे दिन सोमवार को जिले के उदयपुर पुलिस द्वारा सोमवार को दूसरे दिन ग्रामीण थाना क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए चार सौ आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया।

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर बदमाशों की धरकपड के लिए चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दूसरे दिन सोमवार को जिले के ग्रामीण थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 408 हिस्ट्रीशीटर,हार्डकोर बदमाशों गिरफ्तार किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय के नेतृत्व में 36 ग्रामीण थानों से 260 टीमे बनायी गई। टीमों में 08 वृताधिकारी व ग्रामीण थानो के समस्त थानाधिकारी सहित करीब 800 पुलिस अधिकारी,जवान शामिल थे।

गठित टीमों द्वारा उदयपुर ग्रामीण के सभी थाना क्षेत्रो में हिस्ट्रीशीटर/हार्डकोर बदमाशों के खिलाफ आज धरपकड हेतु कार्यवाही की गई। जिसके तहत टीमों द्वारा 20 मार्च को कुल 408 हिस्ट्रीशीटर/हार्डकोर बदमाश को गिरफ्तार किया गया। भविष्य में भी समय-समय पर बदमाशों के खिलाफ उदयपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

पंचकर्म आयुर्वेद चिकित्सा शिविर शुरू

उदयपुर, (कासं)। पंचकर्म चिकित्सा पद्धति में बढ़ते रुझान को देखते हुए आरोग्य समिति राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार उदयपुर में 19 वें निःशुल्क पांच दिवसीय पंचकर्म चिकित्सा शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ।

इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग उदयपुर संभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ प्रद्युम्न राजौरा ने शिविर का अवलोकन किया एवं की गई व्यवस्थाओ को सराहा। इस अवसर पर आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. बद्रीनारायण मीणा व सहायक निदेशक डॉ. सत्येन्द्र सिंह भदोरिया भी साथ थे। प्रभारी एवं वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ शोभालाल औदीच्य ने बताया कि शिविर में जोड़ो का दर्द, माइग्रेन, साइटिका, अवस्कुलर, नेक्रोसिस, एडी में दर्द, बालों की समस्या का उपचार के लिए 110 रोगियों का रजिस्ट्रेशन किया गया।